भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2229

(20 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत परियोजनाएं

2229. श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी:

श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी:

श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) क्या सरकार को वर्ष 2015 से प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना-III (पीएमजीएसवाई-III) के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं, विशेषकर तेलंगाना के महबूबनगर, मेडक, नलगोंडा और भोंगीर जिलों और आन्ध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में शामिल सड़कों सहित विभिन्न परियोजनाओं पर विचार करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आज की तारीख तक इन पर क्या कार्रवाई की गई है तथा चिन्हित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2014 से आज की तारीख तक प्रत्येक परियोजना के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत/जारी/खर्च की गई है और कितनी परियोजनाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत कर दिया गया है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का ग्रामीण सड़कों के उन्नयन का कोई प्रस्ताव है;

(ड.) यदि हां, तो विशेषकर तेलंगाना और आन्ध्र प्रदेश के महबूबनगर, मेडक और नलगोंडा, भोंगीर जिलों सहित तत्संबंधी राज्य और जिला-वार ब्यौरा क्या है और सड़क की लंबाई और अनुमानित राशि कितनी है और चिन्हित सड़कों सहित वर्ष 2015 से आज की तारीख तक इन पर क्या कार्रवाई की गई है;

(च) उक्त अवधि के दौरान अब तक प्रत्येक सड़क के लिए कितनी-कितनी निधियां संस्वीकृत/जारी/खर्च की गई हैं और स्वीकृत और अस्वीकृत प्रस्ताव का राज्य और वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(छ) आज की तारीख तक इन सड़कों की प्रगति और स्थिति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) से (छ): बसावटों को अन्य के साथ-साथ ग्रामीण कृषि बाजारों (जीआरएएम), उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और अस्पतालों से जोड़ने वाले 1,25,000 कि.मी. थ्रू-रूटों और प्रमुख ग्रामीण लिंक रूटों का 80,250 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से सुदृढ़ीकरण करने के उद्देश्य से वर्ष 2019 में प्रधान मंत्री ग्राम

सड़क योजना (पीएमजीएवाई)-III का शुभारंभ किया गया। 1,25,000 कि.मी. के आवंटित लक्ष्य में से 21 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को दिनांक 15 दिसम्बर, 2022 तक 63,385.79 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से 91,371 कि.मी. सड़क लंबाई और 1,290 पुल स्वीकृत कर दिए गए हैं। पीएमजीएसवाई-III के अंतर्गत अनुमोदित प्रस्तावों और स्वीकृत परियोजनाओं के परिव्यय का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जिले-वार ब्यौरा इस कार्यक्रम की वेबसाइट: **www.omms.nic.in => progress monitoring => Monthly Progress Reports (MPR)=>MPR1** पर देखा जा सकता है।

तेलंगाना राज्य को पीएमजीएसवाई-III के अंतर्गत 2,427.50 कि.मी. सड़क लंबाई का लक्ष्य आवंटित किया गया है जिसमें से 2,395.84 कि.मी. सड़क लंबाई स्वीकृत की जा चुकी है और 1,066 कि.मी. सड़क बना ली गई है। आंध्र प्रदेश राज्य को 3,285 कि.मी. सड़क लंबाई का लक्ष्य आवंटित किया गया है जिसमें से 2,314.38 कि.मी. सड़क लंबाई स्वीकृत की जा चुकी है और 1,443.38 कि.मी. सड़क बना ली गई है। तेलंगाना के महबूबनगर , मेडक, नलगोंडा और यदादरी भोंगिरी जिले तथा आंध्र प्रदेश के वाईएसआर कडप्पा जिले में पीएमजीएसवाई-III के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा और उन्हें पूरा करने की स्थिति इस प्रकार है:-

(सड़क लंबाई कि.मी. में)

राज्य का नाम	**जिले का नाम**	**स्वीकृत परियोजनाएं**		**निर्मित परियोजनाएं**	
		सड़क लंबाई	**पुल**	**सड़क लंबाई**	**पुल**
तेलंगाना	महबूबनगर	69.75	6	34.20	0
	मेडक	64.27	0	24.68	0
	नलगोंडा	134.72	5	10.05	0
	यदादरी भोंगिरी	69.40	5	27.52	0
आंध्र प्रदेश	वाई.एस.आर कडप्पा	273.67	0	64.77	0

पीएमजीएसवाई के कार्यान्वयन के लिए राज्यों को निधियां राज्य से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर जारी की जाती हैं और यह अन्य बातों के साथ -साथ राज्य के पास उपलब्ध कार्य , राज्य की निष्पादन क्षमता , राज्य के पास उपलब्ध अवशेष पर निर्भर करती है। मंत्रालय द्वारा राज्य को संपूर्ण इकाई मानकर इस योजना के कार्यान्वयन के लिए निधियां जारी की जाती हैं। जिला स्तर पर कार्यक्रम कार्यान्वयन इकाइयों (पीआईयू) को आगे निधियां संबंधित राज्य सरकारों द्वारा जारी की जाती हैं जो पीआईयू की निधि खर्च करने की क्षमता पर निर्भर करती है। पीएमजीएसवाई के अंतर्गत वर्ष 2014-15 से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य को जारी किए गए केंद्रीय अंश और राज्य अंश सहित हुए व्यय का ब्यौरा नीचे तालिका में दिया गया है:-

(रुपए करोड़ में)

आंध्र प्रदेश		
वर्ष	**जारी किया गया केंद्रीय अंश**	**राज्य अंश सहित व्यय**
2014-15	32.98	287
2015-16	379.20	443.61
2016-17	197.585	238.68
2017-18	226.16	136.25
2018-19	243.88	257.43
2019-20	476.27	338.84
2020-21	53.20	396.75
2021-22	50	508.86
2022-23(15.12.2022 की स्थिति के अनुसार)	293.375	417.95
तेलंगाना		
2014-15	0.88	1847.85
2015-16	273.73	261.50
2016-17	146.0255	188.94
2017-18	242.87	132.66
2018-19	112.77	321.02
2019-20	267.38	289.44
2020-21	0	288.59
2021-22	86.63	410.8
2022-23(15.12.2022 की स्थिति के अनुसार)	65.9825	190.71

प्रत्येक सड़क की प्रगति और हुए व्यय को **www.omms.nic.in => proposal => Statewise list of roads** पर देखा जा सकता है।

****